गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
।।।

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2129
दिनांक 05/08/2003 को उत्तर के लिए

राजभाषा को बढ़ावा देना

प्रश्न

2129. श्री अन्नत नायकः

क्या **उप प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान राजभाषा को बढ़ावा देने हेतु कितनी धनराशि निर्धारित की गई है ; और

(ख) केन्द्र सरकार द्वारा राजभाषा को बढ़ावा देने हेतु उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आई.डी.स्वामी)

(क) राजभाषा हिंदी के विकास के लिए राजभाषा विभाग को पिछले तीन वर्षों (2000-01, 2001-02, 2002-03) में योजना कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल मिलाकर 1050.00 लाख रूपए तथा गैर-योजना कार्यक्रमों के अंतर्गत 3681.00 लाख रूपए आवंटित किए गए ।

(ख) सरकारी कर्मचारियों को हिंदी भाषा, हिंदी आशुलिपि, हिंदी टंकण व अनुवाद का प्रशिक्षण देकर, विभिन्न प्रकार की प्रोत्साहन योजनाएं चलाकर, विभिन्न स्तरों पर गठित समितियों के कार्यकलापों द्वारा, सरकारी कार्यालयों का निराक्षण करके, हिंदी पत्र-पत्रिकाओं का प्रकाशन आदि करके राजभाषा हिंदी के प्रयोम को प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से क्रमिक रूप से बढ़ाया जा रहा है । साथ ही कम्प्यूटर पर हिंदी मे कार्य करने के लिए एक प्रशिक्षण अभियान भी चल रहा है । सरकार राजभाषा हिंदी के विषय में अपने संवैधानिक दायित्वों की ओर पूर्णतः सचेत है और उनको निभाने के प्रति पूर्णतः कटिबद्ध है ।